संख्या-36/2018/885जेएल/22-3-18-200(1)/2018टीसी

प्रेषक,

हरि नारायण गिरि,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

वरिष्ठ अधीक्षक,
आदर्श कारागार, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 30 मई, 2018***

विषय- आदर्श कारागार, लखनऊ में निरूद्ध बंदियों को गृह अवकाश की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-13237/प्रो0अनु0(2)-180/2017/होमलीव, दिनांक 03-04-2018 एवं पत्र संख्या-15770/प्रो0अनु0(2)-180/2017/होमलीव, दिनांक 24-04-2018 में किये गये प्रस्ताव/संस्तुति के आधार पर आदर्श कारागार, लखनऊ में निरूद्ध 23 सिद्धदोष बंदियों **(सूची संलग्न)** के दण्डादेश के निलम्बन का प्रपत्र दो प्रतियों में संलग्न करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त बंदियों को आदेश में उल्लिखित धनराशि का निजी बन्धक (PERSONAL BOND) निर्धारित प्रपत्र पर भराने के पश्चात संलग्न सूची के अनुसार उन्हें 15(पन्द्रह) दिनों के लिए घर जाने हेतु अनिवार्य रूप से एक साथ मुक्त किया जाय। बंदियों को गृह अवकाश पर मुक्त करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि :-

I. बंदी द्वारा आदर्श कारागार, लखनऊ में एक वर्ष की सजा पूर्ण कर ली गयी हो और उसका कार्य एवं आचरण अच्छा हो।

II. यदि कोई बंदी मा0 उच्चतम न्यायालय के सामान्य आदेशों के अन्तर्गत जमानत पर मुक्त किया गया है, उसने अभी कारागार में आत्म समर्पण नहीं किया है तो उसे गृह अवकाश पर मुक्त न किया जाय।

III. यदि बंदी की सजा किसी अन्य प्रदेश में स्थित मा0 न्यायालय से हुयी हो तो उसको गृह अवकाश पर मुक्त न किया जाय।

IV. गृह अवकाश उन्ही बंदियों को स्वीकृत किया जाय जो पैरोल के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार पात्र हों अर्थात हत्या के मामले में 03 वर्ष एवं डकैती सहित हत्या के मामले में 04 वर्ष की अपरिहार सजा भोगी जा चुकी है।

V. बंदी पूर्व वर्षो में स्वीकृत गृह अवकाश की समाप्ति के उपरान्त समय से निर्धारित तिथि पर कारागार में वापस हाजिर हुआ हो।

VI. बंदी के पास रहने के लिए घर हो तथा उसके खाते में श्रम द्वारा अर्जित इतनी धनराशि जमा हो कि गृह अवकाश पर जाने तथा वापस आने के लिए व्यय की जाने वाले धनराशि के पश्चात भी उसके खाते में कम से कम रू0-10.00 शेष रहें।

VII. जिन बंदियों को गृह अवकाश पर मुक्त किया जाएगा उसकी सूचना अधीक्षक, आदर्श कारागार, लखनऊ द्वारा सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक को इस अनुरोध के साथ दी जायेगी

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

कि बंदी के गृह अवकाश की अवधि में सम्बन्धित थाने के माध्यम से नियमित निगरानी एवं अवकाश अवधि की समाप्ति के पश्चात उनकी समय से कारागार में वापसी सुनिश्चित करें।

VIII. **बंदियों को अनिवार्य रूप से एक साथ गृह अवकाश पर मुक्त किया जाय। ऐसा न करने पर शासन के आदेशों की अवहेलना माना जायेगा।**

2- उपरोक्त प्रतिबन्धों के अनुसार जो बंदी गृह अवकाश के लिए अर्ह न हों, उनके गृह अवकाश स्वीकृति के आदेश शासन को तुरन्त वापस कर दिए जांय।

3- उपरोक्त बंदियों को शासनादेश की एक प्रति उसके प्रस्तर-2 में अवकाश की अवधि की तिथियों को भरने के पश्चात दे दें।

4- कृपया तदनुसार कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत करायें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

हरि नारायण गिरि
अनु सचिव।

संख्या-36/2018/885जेएल(1)/22-3-18-उक्तदिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को बंदियों की सूची सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0।
2- महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ को उनके पत्र संख्या-13237/प्रो0अनु0(2)-180/2017/होमलीव, दिनांक 03-04-2018 एवं पत्र संख्या-15770/प्रो0अनु0(2)-180/2017/होमलीव, दिनांक 24-04-2018 के संदर्भ में।
3- गार्ड फाइल।

संलग्नक-यथोक्त।

आज्ञा से,

हरि नारायण गिरि
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या:36/2018/885जेएल/22-3-18-200(1)/2018टीसी, दिनांक: 30 मई, 2018 का संलग्नक

क्र0स0	बंदी एवं उसके पिता का नाम	जनपद का नाम	बंदी संख्या
1	शिव उर्फ सियाराम पुत्र श्री शोभनाथ	सोनभद्र	16063
2	बेचन पुत्र श्री रामलखन	सोनभद्र	16066
3	रामचन्द्र पुत्र श्री जगन्नाथ	सोनभद्र	16065
4	रामप्रवेश पुत्र श्री गनेश	देवरिया	15589
5	त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला पुत्र श्री भगौती प्रसाद	फैजाबाद	14998
6	सुक्खा सिंह उर्फ सुखवेन्द्र उर्फ सुखदेव पुत्र श्री पियारा सिंह	बिजनौर	14625
7	शैलेन्द्र कुमार सिंह पुत्र श्री फूल सिंह उर्फ छत्रपाल सिंह	फैजाबाद	15150
8	अवधेश पुत्र श्री गुरूदीन मुराऊ	सीतापुर	15592
9	कमलेश पुत्र श्री गुरूदीन मुराऊ	सीतापुर	15604
10	सुशील कुमार पुत्र श्री बुधराज	फतेहपुर	17023
11	विजय कुमार पुत्र श्री गजाधर	जौनपुर	17120
12	मोहन सिंह पुत्र श्री विचित्र सिंह	मेरठ	14792
13	ओमप्रकाश पुत्र श्री मलखे	हरदोई	14260
14	नीरज मिश्रा पुत्र श्री आत्मानन्द मिश्रा	मिर्जापुर	17111
15	राकेश भारती पुत्र श्री जीतन भारती	मिर्जापुर	17135
16	गंगा पासी पुत्र श्री बंशीधर	मिर्जापुर	16064
17	पंचम पुत्र श्री सुखलाल उर्फ कल्लू	मिर्जापुर	14589
18	ओमप्रकाश पुत्र श्री श्यामनारायन	अम्बेडकरनगर	15012
19	रामप्रताप यादव उर्फ बड़े भइया पुत्र श्री आशाराम	हरदोई	15092
20	रजनीकान्त पाठक उर्फ टिंकू पुत्र श्री हरिशंकर	हरदोई	15093
21	गिरिराज सिंह पुत्र श्री सरनाम सिंह	हरदोई	15098
22	सुभाष पुत्र श्रीराम	फैजाबाद	15146
23	नरेश उर्फ रामनरेश लोध पुत्र श्री सुखलाल	उन्नाव	15071

हरि नारायण गिरि
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।